XA-ECO-(OPT.)-A

ECO
Arts

Total No. of Pages : 36
पृष्ठों की कुल संख्या : 36

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

# ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2025

# ECONOMICS

## ( Optional )

Total Time : 3 Hours 15 minute — Full Marks : 80

कुल समय : 3 घंटे 15 मिनट — पूर्णांक : 80

**General Instructions / सामान्य निर्देश :**

1. This Question Booklet has *two* Parts — **Part-A** and **Part-B**.

   इस प्रश्न-पुस्तिका में दो भाग — **भाग-A** तथा **भाग-B** हैं।

2. **Part-A** is of MCQ Type having **30** marks and **Part-B** is of Subjective Type having **50** marks.

   **भाग-A** में **30** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा **भाग-B** में **50** अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

3. The candidate has to answer in the Answer Booklet which will be provided separately.

   परीक्षार्थी को अलग से उपलब्ध कराई गई उत्तर-पुस्तिका में उत्तर देना है।

■ 12/9763

## Part-A

## भाग-A

### ( Multiple Choice Type Questions )

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

Question Nos. **1** to **30** are Multiple Choice Type. Each question has *four* options. Select the correct option and write it in the Answer Sheet. Each question carries 1 mark. 1 × 30 = 30

प्रश्न संख्या **1** से **30** तक बहुविकल्पीय प्रकार हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 1 × 30 = 30

1. Which type of economy is Indian Economy ?

   (A) Capitalist Economy

   (B) Market Economy

   (C) Centrally Planned Economy

   (D) Mixed Economy

भारतीय अर्थव्यवस्था किस प्रकार की अर्थव्यवस्था है ?

(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(B) बाजार अर्थव्यवस्था

(C) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

(D) मिश्रित अर्थव्यवस्था

2. Which of the following is an example of resource ?

(A) Tools (B) Machine

(C) Skill (D) All of these

निम्नलिखित में से संसाधन का एक उदाहरण कौन-सा है ?

(A) औजार (B) मशीन

(C) कौशल (D) इनमें से सभी

3. In which type of economy are economic activities organised by the Government or central authority ?

(A) Capitalist Economy

(B) Market Economy

(C) Centrally Planned Economy

(D) Mixed Economy

किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में आर्थिक क्रियाकलापों का आयोजन सरकार या केन्द्रीय सत्ता कर सकती है ?

(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(B) बाजार अर्थव्यवस्था

(C) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

(D) मिश्रित अर्थव्यवस्था

4. Which of the following curves is negatively sloped ?

(A) Supply curve (B) Budget line

(C) Total utility (D) Total cost curve

निम्नलिखित में से किस वक्र की ढाल ऋणात्मक होती है ?

(A) पूर्ति वक्र (B) बजट रेखा

(C) कुल उपयोगिता (D) कुल लागत वक्र

5. When the consumer's expenditure due to change in price of a good remains unchanged, then what will be the demand for that good ?

(A) Elastic (B) Zero elastic

(C) Unitary elastic (D) Inelastic

जब किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन से उपभोक्ता का व्यय स्थिर रहता है तो उस वस्तु की माँग क्या होगी ?

(A) लोचदार (B) शून्य लोचदार

(C) इकाई लोचदार (D) बेलोचदार

6. If the equation of budget line for two goods $X$ and $Y$ is $2x + 3y = 20$, then what will be the slope of the budget line ?

(A) 0·6 (B) 10

(C) 3·33 (D) 1·5

दो वस्तुओं $X$ तथा $Y$ के लिए बजट रेखा का समीकरण $2x + 3y = 20$ है तो बजट रेखा की ढाल क्या होगी ?

(A) 0·6 (B) 10

(C) 3·33 (D) 1·5

7. Which of the following is a factor affecting the demand for a good ?

(A) Technological progress

(B) Consumer's income

(C) Exploration of resources

(D) Factors' prices

किसी वस्तु की माँग को प्रभावित करने वाला एक कारक निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) तकनीकी प्रगति (B) उपभोक्ता की आय

(C) संसाधनों की खोज (D) साधनों की कीमतें

8. What is the relationship between output and factors of production called ?

(A) Utility function (B) Cost function

(C) Production function (D) Revenue function

उत्पाद और उत्पत्ति के साधनों के बीच के संबंध को क्या कहा जाता है ?

(A) उपयोगिता फलन (B) लागत फलन

(C) उत्पादन फलन (D) आगम फलन

9. Which of the following is an example of fixed cost ?

(A) Cost of raw materials

(B) Room rent

(C) Per unit electricity bill

(D) Commission

निम्नलिखित में से स्थिर लागत का एक उदाहरण कौन-सा है ?

(A) कच्चे माल की लागत

(B) मकान का किराया

(C) प्रति इकाई बिजली बिल

(D) कमीशन

10. What type of production function do returns to scale explain ?

(A) Short run production function

(B) Long run production function

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

पैमाने के प्रतिफल किस प्रकार के उत्पादन फलन की व्याख्या है ?

(A) अल्पकालीन उत्पादन फलन

(B) दीर्घकालीन उत्पादन फलन

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

11. Total output of a variable factor is maximum when

(A) Average product is maximum

(B) Average product increases

(C) Marginal product is maximum

(D) Marginal product is zero

परिवर्ती साधन का कुल उत्पाद अधिकतम होता है जब

(A) औसत उत्पाद अधिकतम होता है

(B) औसत उत्पाद बढ़ता है

(C) सीमांत उत्पाद अधिकतम होता है

(D) सीमांत उत्पाद शून्य होता है

12. In which type of market are homogenous products produced ?

(A) Monopoly (B) Perfect competition

(C) Monopsony (D) Oligopoly

किस प्रकार के बाजार में समरूप वस्तुओं का उत्पादन होता है ?

(A) एकाधिकार (B) पूर्ण प्रतियोगिता

(C) एक क्रेताधिकार (D) अल्पाधिकार

13. Which curve is a supply curve for a perfectly competitive firm ?

(A) Average cost curve

(B) Average revenue curve

(C) Marginal revenue curve

(D) Increasing part of marginal cost curve

एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म के लिए कौन-सा वक्र पूर्ति वक्र होता है ?

(A) औसत लागत वक्र

(B) औसत आगम वक्र

(C) सीमांत आगम वक्र

(D) सीमांत लागत वक्र का बढ़ता भाग

14. Due to increase in demand for a good, the price of the good

(A) decreases

(B) increases

(C) remains unchanged

(D) either increases or decreases

किसी वस्तु की माँग बढ़ने से वस्तु की कीमत में

(A) कमी होती है (B) वृद्धि होती है

(C) कोई परिवर्तन नहीं होता (D) कमी या वृद्धि हो सकती है

15. In equilibrium price situation

(A) there is an excess demand

(B) there is an excess supply

(C) demand and supply are equal

(D) there is deficient demand

संतुलन कीमत की स्थिति में

(A) आधिक्य माँग होती है (B) पूर्ति आधिक्य होती है

(C) माँग और पूर्ति बराबर होती है (D) न्यून माँग होती है

16. What does the word 'Macro' in Macroeconomics mean ?

(A) Large (B) Small

(C) Parallel (D) All of these

समष्टि अर्थशास्त्र में 'समष्टि' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) बड़ा (B) छोटा

(C) समांतर (D) इनमें से सभी

17. In the situation of inflation

(A) Prices of goods decrease

(B) Prices of goods increase

(C) Value of money increases

(D) Production decreases

मुद्रास्फीति की स्थिति में

(A) वस्तुओं की कीमतों में कमी आती है

(B) वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होती है

(C) मुद्रा का मूल्य बढ़ जाता है

(D) उत्पादन में कमी होती है

18. When was the book 'The General Theory of Employment, Interest and Money' published ?

(A) 1936 AD (B) 1776 AD

(C) 1947 AD (D) 1929 AD

'द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लॉयमेन्ट, इन्टरेस्ट एंड मनी' नामक पुस्तक का प्रकाशन कब हुआ था ?

(A) 1936 ई. (B) 1776 ई.

(C) 1947 ई. (D) 1929 ई.

19. What is wage ?

(A) Price of a labourer (B) Price of per unit of labour

(C) Price of capital (D) Price of landlord

मजदूरी क्या है ?

(A) एक श्रमिक की कीमत (B) प्रति इकाई श्रम की कीमत

(C) पूँजी की कीमत (D) भूमिपति की कीमत

20. Final goods are

(A) Durable consumer goods

(B) Non-durable consumer goods

(C) Capital goods

(D) All of these

अंतिम वस्तुएँ होती हैं

(A) टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु (B) गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु

(C) पूँजीगत वस्तु (D) इनमें से सभी

21. Which of the following activities is an activity of tertiary sector ?

(A) To produce wheat (B) To prepare flour from wheat

(C) To sell flour in market (D) None of these

निम्नलिखित में से तृतीयक क्षेत्रक की एक गतिविधि कौन-सी है ?

(A) गेहूँ उपजाना (B) गेहूँ से आटा तैयार करना

(C) आटे को बाजार में बेचना (D) इनमें से कोई नहीं

22. Which is not included in inventory ?

(A) Finished goods sold (B) Raw materials

(C) Semi-finished goods (D) Unsold finished goods

माल-सूची में क्या सम्मिलित नहीं होता है ?

(A) बिक्रित निर्मित वस्तु

(B) कच्चे माल

(C) अर्धनिर्मित वस्तु

(D) अबिक्रित निर्मित वस्तु

23. What is the difference between GNP and GDP called ?

(A) Depreciation

(B) Undistributed profit

(C) Net factor income from abroad

(D) Net indirect tax

GNP तथा GDP का अंतर क्या होता है ?

(A) मूल्यह्रास

(B) अवितरित लाभ

(C) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय

(D) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

24. Which of the following is a characteristic of money ?

(A) Money is perishable good

(B) Accumulation cost of money is high

(C) Money is universally accepted

(D) All of these

निम्नलिखित में से मुद्रा की एक विशेषता कौन-सी है ?

(A) मुद्रा एक नाशवान वस्तु है

(B) मुद्रा की संचय लागत अधिक होती है

(C) मुद्रा सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य है

(D) इनमें से सभी

25. Which of the following banks is the central bank of India ?

(A) Central Bank of India (B) State Bank of India

(C) Bank of India (D) Reserve Bank of India

किस बैंक को भारत का केन्द्रीय बैंक का दर्जा प्राप्त है ?

(A) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (B) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(C) बैंक ऑफ इंडिया (D) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया

26. The value of which of the following variables is between 0 and 1 ?

(A) Marginal propensity to consume

(B) Multiplier

(C) Average propensity to consume

(D) All of these

निम्न में से किस चर का मान 0 और 1 के बीच होता है ?

(A) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (B) गुणक

(C) उपभोग की औसत प्रवृत्ति (D) इनमें से सभी

27. What will be the value of multiplier, if Marginal Propensity to Consume (MPC) of an economy is 0·6 ?

(A) 0·6 (B) 0·4

(C) 2·5 (D) 1·7

यदि किसी अर्थव्यवस्था में उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) 0·6 है तो गुणक का मान क्या होगा ?

(A) 0·6 (B) 0·4

(C) 2·5 (D) 1·7

28. The period of financial year in India is

(A) 1st January to 31st December

(B) 1st July to 30th June

(C) 1st April to 31st March

(D) 1st February to 31st January

भारत में वित्तीय वर्ष की अवधि होती है

(A) 1 जनवरी से 31 दिसंबर (B) 1 जुलाई से 30 जून

(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च (D) 1 फरवरी से 31 जनवरी

29. Which of the following is an example of capital expenditure ?

(A) Expenditure on salary of government employee

(B) Defence expenditure

(C) Expenditure on land acquisition

(D) All of these

निम्नलिखित में पूँजीगत व्यय का एक उदाहरण है

(A) सरकारी कर्मचारी के वेतन पर खर्च

(B) प्रतिरक्षा व्यय

(C) भूमि अधिग्रहण पर व्यय

(D) इनमें से सभी

30. In the situation of money devaluation

(A) the value of domestic money increases

(B) exchange rate decreases

(C) exchange rate increases

(D) none of these

मुद्रा अवमूल्यन की स्थिति में

(A) घरेलू मुद्रा का मूल्य बढ़ जाता है (B) विनिमय दर कम हो जाता है

(C) विनिमय दर में वृंद्धि होती है (D) इनमें से कोई नहीं

# Part-B

# भाग-B

## ( Subjective Type Questions )

## ( विषयनिष्ठ प्रश्न )

## Section – A

## खण्ड – A

### ( Very short answer type questions )

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. $2 \times 6 = 12$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें।

31. What is mixed economy ? Give an example of mixed economy.

मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहा जाता है ? मिश्रित अर्थव्यवस्था का एक उदाहरण दीजिए।

32. What is called indifference curve ? Show in diagram.

उदासीनता वक्र किसे कहा जाता है ? रेखाचित्र से दर्शाइए।

33. What is Average Cost ? The cost of production of 10 units of a good is Rs. 60, then what will be its average cost ?

औसत लागत क्या है ? यदि किसी वस्तु की 10 इकाई उत्पादन की लागत 60 रुपये है तो इसकी औसत लागत क्या होगी ?

34. What will happen when supply increases and demand remains unchanged in a market ?

क्या होगा जब बाजार में किसी वस्तु की माँग अपरिवर्तित तथा पूर्ति में वृद्धि हो ?

35. What do you mean by transfer income ?

हस्तांतरण आय से आप क्या समझते हैं ?

36. If the cash reserve ratio is 20% then calculate money multiplier.

यदि नकद आरक्षित अनुपात 20% है तो मुद्रा गुणक का मान ज्ञात कीजिए।

37. Write the components of a government budget.

सरकारी बजट के घटकों के नाम लिखिए।

38. What is foreign exchange rate ?

विदेशी विनिमय दर क्या है ?

## Section – B

## खण्ड – B

### ( Short answer type questions )

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. Answer the questions in maximum 150 words each. $3 \times 6 = 18$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

39. How can foreign currency be obtained in India ? Explain.

भारत में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति कैसे हो सकती है ? स्पष्ट कीजिए।

40. What is called direct tax ? Explain with an example that Corporation tax is an example of direct tax.

प्रत्यक्ष कर किसे कहते हैं ? एक उदाहरण से स्पष्ट कीजिए कि निगम कर प्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण है।

41. 'Commercial banks receive deposits.' Explain this statement.

"व्यावसायिक बैंक जमा स्वीकार करते हैं।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।

42. Explain two-sector model of circular flow of income.

आय के वर्तुल प्रवाह के दो-क्षेत्रीय मॉडल की व्याख्या कीजिए।

43. Illustrate with diagram that the price of a good increases due to an increase in the demand for the good in a market.

रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए कि बाजार में किसी वस्तु की माँग बढ़ने से उस वस्तु की कीमत बढ़ जाती है ।

44. Calculate the elasticity of supply from the following data :

निम्नलिखित आँकड़ों से पूर्ति की लोच ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| कीमत (Price) | 5 | 10 |
| पूर्ति (Supply) | 15 | 45 |

45. Define Average Product. How is it related to Marginal Product ?

औसत उत्पाद को परिभाषित कीजिए। यह सीमांत उत्पाद से किस प्रकार संबंधित है ?

46. When is the demand for a good called (a) perfectly inelastic, (b) unitary elastic, and (c) elastic ?

किसी वस्तु की माँग को कब (a) पूर्णतया बेलोचदार, (b) सम लोचदार, तथा (c) लोचदार कहा जाता है ?

## Section – C

## खण्ड – C

### ( Long answer type questions )

### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *four* questions. Answer the questions in maximum 250 words each. $5 \times 4 = 20$

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

47. Explain the law of demand. Why is the law of demand applied ? 3 + 2

मॉंग के नियम की व्याख्या कीजिए। मॉंग का नियम क्यों लागू होता है ?

48. Following table is the total cost schedule for a producer. Constr average cost schedule, average variable cost schedule and avera fixed cost schedule from the table :

| Output | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total cost | 50 | 70 | 85 | 95 | 100 | 110 | 125 | 140 | 160 |

निम्नलिखित तालिका किसी उत्पादक का कुल लागत सूची को दर्शाती है। इस तालिका की सहायता से औसत लागत, औसत परिवर्ती लागत और औसत स्थिर लागत सूची की रचना कीजिए :

| उत्पादन की मात्रा | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल लागत | 50 | 70 | 85 | 95 | 100 | 110 | 125 | 140 | 160 |

49. Explain the short run and long run supply curve of a firm in perfect competition market.

पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में एक फर्म का अल्पकालीन और दीर्घकालीन पूर्ति वक्र की व्याख्या कीजिए।

50. What do you mean by inventory ? Distinguish between planned accumulation in inventories and unplanned decumulation in inventories ?

माल-सूची से आप क्या समझते हैं ? नियोजित माल-सूची संचय तथा अनियोजित माल-सूची अपसंचय में अंतर स्पष्ट कीजिए।

51. How does the central bank control credit ? Explain.

केन्द्रीय बैंक साख पर नियंत्रण कैसे करते हैं ? व्याख्या कीजिए।

52. What will be the effect of following changes in equilibrium in an economy ? Illustrate with diagram :

a) When Marginal Propensity to Consume (MPC) increases

b) When autonomous consumption decreases.

अर्थव्यवस्था के संतुलन पर निम्नलिखित परीवर्तनों का क्या प्रभाव होगा ? रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए :

a) जब उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) में वृद्धि हो

b) स्वायत्त उपभोग में कमी हो ।